दिनांक 01.01.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

आयुक्त विभागों में जाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी अच्छे से कार्य करने हेतु प्रेरित किए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में नववर्ष को सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा स्वयं जाकर आयुक्त को बधाई देने की परंपरा रही है। इस बार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारियो को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। सभी कर्मचारियो से क्या काम करते हो, किस प्रकार का कार्य चल रहा है आदि के बारे में बातचीत किए। राजस्व, संपत्तिकर विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो को अधिक से अधिक राजस्व बढ़ाने को कहा। जिससे निगम की आर्थिक स्थिति ठीक हो, कर्मचारियो से संबंधित सभी भुगतान एवं अन्य भुगतान समय पर हो सके। नववर्ष में हम सब संकल्प ले, कार्यालय समय पर आये अपने कार्यो को निष्पादन करें। जनता के साथ सदभाव के साथ बातचीत करें। सभी को उनके प्रश्नो का उत्तर मिलना चाहिए। मुख्य कार्यालय के काउंटर शाखा में जाकर देखा, कि वहां पर बुर्जुगो, दिव्यांगो आदि के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए भवन संधारण के दौलत चंद्राकर को आगन्तुको के आने पर काउंटर के पास बैठने की व्यवस्था शीध्र करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना जनता से जुड़ा हुआ प्रमुख विभाग है सभी को समय अवधि में सभी प्रक्रियाओ को करते हुए मकान प्रदान करने के लिए निर्देशित किए। महापौर नीरज पाल ने भी सभी अधिकारी/कर्मचारियों से नववर्ष में मिले और सबको शुभकामनाएं देते हुए कहे कि सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक पहुंचाना है। जो भी जनता विभाग में अपने कार्य के लिए आये उसको हर चीज की जानकारी अच्छे से दिया जाये। जिससे उसको दुबारा आने की आवश्यकता न पड़े, वह संतुष्ट होकर जाए। हम सब जनता के सेवक है।